# RAF SECTOR

## NEWS CLIP

17/05/19

**TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING**

**Amar Ujala Aligarh (U.P)**

104 बटालियन आरएएफ में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय परिवार, परिवार के साथ मिलकर रहने को किया प्रेरित

# संयुक्त परिवार की विशेषता बताकर किया साथ रहने का आह्वान

**परिवार दिवस**

अलीगढ़ | कार्यालय संवाददाता

आरएएफ की 104 बटालियन में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद बटालियन के द्वितीय कमांडेंट भवेश चौधरी की पत्नी रेखा चौधरी पत्नी ने किया।

**परिवार के साथ मिलजुल कर रहे:** द्वितीय कमांडेंट भवेश चौधरी की पत्नी ने संयुक्त परिवार की विभिन्न विशेषताएं बताईं। सभी को प्रेरित किया कि हमेशा परिवार के साथ मिल जुल कर रहें। इस मौके पर विभिन्न कार्यक्रम भी हुए, जिसमें कंपनी के परिवारीजनों ने हिस्सा लिया। इसके बाद विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम तीन स्थान हासिल करने वालों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर उप कमांडेंट राजीव रंजन, एसपी सिंह, जितेन्द्र सिंह, दानवीर सिंह, सहायक कमांडेंट व्यवहार सिंह, जितेन्द्र राजपूत समेत विभिन्न लोग मौजूद रहे।

**संयुक्त परिवार सुरक्षा कवच:** वहीं, राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा की ओर से बुधवार को बैठक का आयोजन किया गया। इसमें संयुक्त परिवारों की एकजुटता पर चर्चा की गई। बताया गया कि संयुक्त परिवार एक सुरक्षा कवच की तरह होता है जो विभिन्न तरह की समस्याओं से परिवार के हर एक सदस्यों की रक्षा करता है। इस दौरान जेसी शर्मा, नंदराम पाठक, बीएल शर्मा, राजगुरु शर्मा, इंद्रमोहन शर्मा, शिवा पाठक, कालीचरण शर्मा, भूदत्त मिश्रा समेत विभिन्न लोग मौजूद रहे।



आरएएफ बटालियन में अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस के आयोजन में कमांडेंट हेलाल फिरोज व अन्य।

E Patrika . Barwani (M.P.)


लोकसभा चुनाव

# लोकतंत्र के महासमर के लिए तैयार मतदानकर्मी

**साढ़े पांच हजार मतदानकर्मी, 2500 पुलिसकर्मी, 5 बटालियन तैनात**

**20 प्रतिशत मतदानकर्मी रहेंगे रिजर्व, 20 प्रतिशत इवीएम भी की आरक्षित**

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



बड़वानी. चुनाव के पूर्व निकाला फ्लैग मार्च।

- **1235** कुल मतदान केंद्र
- **180** क्रिटिकल मतदान केंद्र
- **139** मतदान केंद्रों में वेबकास्टिंग की जाएगी
- **124** मतदान केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए
- **03** मतदान केंद्र वल्नरेबल
- **08** मतदान केंद्र पिंक बूथ

**बड़वानी.** लोकतंत्र के महायज्ञ में हर कोई आहुति देने के लिए तैयार हो गया है। जिले के 1235 मतदान केंद्रों पर 19 मई को 9 लाख 45 हजार 117 मतदाता आहुति के रूप में अपना मतदान करेंगे। लोकतंत्र के महायज्ञ के लिए कर्मचारी और अधिकारी भी तैयार हैं। जिले में कुल साढ़े पांच हजार मतदान कर्मी अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए मतदान करवाएंगे। वहीं, इन मतदान केंद्रों की सुरक्षा की व्यवस्था जिले के 500 नव आरक्षक, तीन बटालियन पैरामिलेट्री फोर्स, एक एएसएफ और एक कंपनी जिले की रिजर्व कंपनी के जवानों के हवाले रहेगा। विशेष पुलिस का दर्जा प्राप्त समाजसेवी भी अपना कर्तव्य निभाएंगे।

लोकसभा चुनाव के लिए प्रशासन द्वारा की जा रही तैयारियों को बुधवार जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर अमित तोमर और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसपी यांगचेन डी भूटिया ने जानकारी दी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिले में मतदान की पूरी तैयारी हो चुकी है। 19 मई की सुबह 7 बजे से शाम 7 बजे तक मतदान प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी। मतदान के लिए मतदान केंद्रों पर दलों की रवानगी शनिवार शाम को होगी। प्रशासन ने इस बार 20 प्रतिशत मतदानकर्मियों को आरक्षित रखा है। मतदान कर्मियों को मतदान केंद्र तक पहुंचाने के लिए प्रशासन ने बसों और छोटे यात्री व लोडिंग वाहनों का अधिग्रहण भी शुरू कर दिया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 179 मतदान केंद्रों पर सीएसएफ का बल तैनात किया जाएगा। जिले में तीन वनरेबल मतदान केंद्र है, जिसमें एक अंजड़ और दो सेंधवा में है। इन क्षेत्रों के चिह्नित बदमाशों पर सीआरपीसी की विभिन्न धाराओं में कार्रवाई की जा चुकी है।

विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर पुलिस ने बुधवार शाम को बड़वानी नगर में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च में कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी अमित तोमर, पुलिस अधीक्षक यांगचेन डी भूटिया सहित सभी अधिकारी, पुलिस अधिकारी, पुलिस फोर्स मौजूद रहा। फ्लैग मार्च शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरा।



**खेतिया.** चुनाव के मद्देनजर थाना प्रभारी लक्ष्मीनारायण मालवीय के नेतृत्व में जवानों ने नगर में फ्लैग मार्च निकाला, जो गांधी चौक, सुभाष चौक, शिवाजी चौक से होते हुए गुजरा। इस दौरान एसआई अजमेरसिंह अलावा, नितिन अहिरवार मौजूद थे।



**राजपुर:** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने प्रमुख मार्गों से होते हुए फ्लैग मार्च निकाला।

## 309 मतदान केंद्रों पर तैनात रहेगा सशस्त्र बल



**सेंधवा @ पत्रिका.** आगामी 19 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के पहले पुलिस और प्रशासन सहित सशस्त्र बलों के जवानों ने नगर में फ्लैग मार्च निकाला। पुलिस ने बुधवार शाम करीब 5 बजे के प्रमुख मार्गों में फ्लैग मार्च निकाला। इसमें एसडीएम घनश्याम धनगर, शहर थाना प्रभारी राजू सिंह बघेल, ग्रामीण थाना प्रभारी विश्वदीप सिंह परिहार सहित 300 से अधिक पुलिस फोर्स शामिल था।

सहायक रिटर्निंग अधिकारी और तहसीलदार आरएस यादव ने बताया कि सशस्त्र बलों के जवानों की तैनाती सभी 309 मतदान केंद्रों पर की जाएगी। इसके अतिरिक्त पुलिसकर्मी अलग से तैनात रहेंगे जो किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए जिम्मेदार रहेंगे। सेंधवा विधानसभा में 36 मतदान केंद्र संवेदनशील घोषित किए गए हैं।

### इवीएम सेंधवा पहुंची, सील किया

तहसीलदार यादव ने बताया, विधानसभा में चुनाव के लिए उपयोग की जाने वाली इवीएम मशीनें सेंधवा पहुंच गई है। जिन्हें शासकीय पीजी कॉलेज में बने स्ट्रांग रूम में सील कर दिया गया है। अब ये सील उम्मीदवारों के प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी।

सेंधवा विधानसभा में 1300 से अधिक कर्मचारी 309 मतदान केंद्रों पर बागडोर संभालेंगे। कर्मचारियों को निर्वाचन और मतदान सामग्री का वितरण 18 को किया जाएगा। इसके बाद सभी दलों को मतदान केंद्रों भेजा जाएगा।

Prabhat Khabar Jamshedpur (JKD)

# रैफ 106 बीएन में मना अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस



**नरवा.** रैफ 106 बटालियन द्रुत कार्यबल सुंदरनगर कैंप परिसर में समारोह पुर्वक अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया गया. मौके पर कमांडेंट पीके सिंह एवं 106 वाहिनी के अधिकारी एवं जवान अपने -अपने परिवार संग उपस्थित थे. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने परिवार की महत्ता एवं समाज में परिवार की भूमिका पर प्रकाश डाला. लघु फिल्म के माध्यम से आज के बदलते समाज को भी रेखांकित किया गया. समारोह में विभिन्न मनोरंजन गतिविधियों/खेलकूद द्वारा परिवार के महत्वपूर्ण स्तंभों और आपसी सामंजस्य की महत्ता को भी उजागर किया गया. मौके पर विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया. कमांडेंट श्री सिंह ने अधिकारयों एवं जवानों को शुभकामनाएं दी.

Dainik Bhaskar Jamshedpur (JKD)

# रैफ के कैंप में अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया



जमशेदपुर • 106 बटालियन द्रुत कार्य बल कैंप परिसर में अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया गया। मौके पर 106वीं वाहिनी के कमांडेंट पीके सिंह, जवान व परिजन शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत में परिवार की महत्ता व समाज में परिवार की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान मनोरंजक एक्टिविटी भी कई गई। विजयी प्रतिभागियों को सम्मान स्वरूप उपहार भी दिए गए। कमांडेंट ने सभी को शुभकामनाएं दी।

# Photos of Deployment/Fam-Ex Of RAF









**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**